सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{11 फाल्गुन, 1945 (श०)}}{\text{01 मार्च, 2024 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 05

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (2) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (3) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| | | | | कुल योग -- | 05 |

## अस्पतालों के उद्‌घाटन का औचित्य

38. <u>श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 27 नवम्बर, 2023 को डी0एम0सी0एच0, दरभंगा परिसर में 132.51 करोड़ की लागत से 400 बेड के सर्जिकल भवन एवं 13.12 करोड़ की लागत से मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्‌घाटन किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उद्‌घाटन के लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी सर्जिकल भवन एवं मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज प्रारंभ नहीं हुआ है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (1) में वर्णित अस्पतालों के उद्‌घाटन का क्या औचित्य है ?

--------

## बिजली का क्षति 30 प्रतिशत से ज्यादा होने का औचित्य

39. <u>श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)</u>--स्थानीय हिन्दी दैनिक में दिनांक 15 जनवरी, 2024 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''13 अंचलों में 30 प्रतिशत से अधिक बिजली की क्षति'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के गया, औरंगाबाद, मुंगेर, मोतिहारी सहित 13 विद्युत् आपूर्ति अंचलों में वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत से अधिक विद्युत् का नुकसान दर्ज किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली क्षति का राष्ट्रीय मानक 15 प्रतिशत है और मानक से अधिक बिजली क्षति का बोझ अन्ततः राज्य की गरीब जनता पर पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य में बिजली की क्षति को कम करने के लिये विभाग द्वारा पिछले तीन वर्षों में 3 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभीतक बिजली का क्षति 30 प्रतिशत से ज्यादा होने का क्या औचित्य है ?

--------

## सिक्योरिटी राशि लौटाना

40. <u>श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)</u>--हिन्दी समाचार-पत्र दिनांक 11 फरवरी, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''जमा राशि नहीं मिलने से बिजली उपभोक्ता परेशान'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये जाने के समय ही पुराने पोस्टपेड मीटर के उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी मनी लौटाने का प्रावधान किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 26 लाख से अधिक प्रीपेड मीटर लगाया जा चुका है लेकिन डेढ़ दो साल बाद भी मात्र 10 हजार पुराने उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि वापस हो पाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के सभी पोस्टपेड मीटर के उपभोक्ताओं को ब्याज सहित सिक्योरिटी राशि प्रीपेड मीटर में लौटाने तथा दोषी अधिकारी पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

41. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0जा0))--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 10 अक्टूबर, 2023 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में बिहार को सालाना 4 हजार करोड़ का नुकसान'' के आलोक में क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पिछले 8 वर्षों में केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में वर्ष 2015-16 से वर्ष 2023 तक चार गुनी वृद्धि हुई है जबकि केन्द्र की हिस्सेदारी में 8 फीसदी की कमी हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त कमी होने के कारण राज्य को लगभग 31 हजार करोड़ रुपये की क्षति हुई है जिसके कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में कमी हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य सरकार उक्त क्षति की भरपाई करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कैंसर सेन्टर स्थापित कराना

42. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--स्थानीय दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 4 फरवरी, 2024 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे में कैंसर से सालाना 80 हजार मौतें, पटना में इलाज के लिये हर वर्ष 45 हजार नये मरीज आ रहे हैं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैंसर मरीजों के लिये राज्य के सरकारी संस्थान आई0जी0आई0एम0एस0 के स्टेट कैंसर सेन्टर में 100 बेड, महावीर कैंसर संस्थान में 651 बेड है, जो मरीजों के अनुपात में कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रतिवर्ष 70 से 80 हजार लोगों की मौत कैंसर रोग से हो रही है, जो देश में चौथे स्थान पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैंसर रोग के मरीजों को समुचित चिकित्सा निःशुल्क कराने एवं हॉस्पिटल में पर्याप्त बेड की उपलब्धता के साथ राज्य के सभी जिला अस्पताल में कैंसर सेन्टर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :<br>
दिनांक 01 मार्च, 2024 (ई0) ।

राज कुमार,<br>
सचिव,<br>
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 102(एल0ए0), 2023-24-डी0टी0पी0-550